Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)


APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजिटल अखबार सच का साथी दिनांक 23-03-2022 अंक 175

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## संपादकीय





डॉ अनिल कुमार

आज झारखंड में कला और कलाकारों की हालत किसी से छिपी हुई नही है। जहाँ तक प्रतिभा का सवाल है किसी भी क्षेत्र में हो म्यूजिक,डांसिंग, सिंगिंग या एक्टिंग या अन्य कोई क्रिएटिविटी हो,जैसे निद.ेशन,एडिटिंग या फ़िल्म निर्माण का कोई भी क्षेत्र हो ,छोटे शहरोंया कस्बों में एक से एक कलाकार है जिनका स्तर ब०लीवुड से कम नही है। कहाँ कमी है कि आज ये स्थानीय कलाकार अपने कला को निखारने की जगह रोजी रोटी के जुगाड़ में ही उलझे रहते है। जब तक हम कला प्रेमी ब०लीवुड के कलाकारों को अपना आइक०न मानते रहेंगे और अपने स्थानीय कलाकारों की आपेक्षा करता रहेगा। स्थिति वैसी ही बनी रहेगी। सरकारें और हमारे राज्य के संभ्रांत और सक्षम उद्यमी कला को एक समृद्ध कारोबार में तब्दील कर दें ,जैसा कि बॉलीवुड में है ,वहाँ लोग पैसा लगते भी है और मुनाफा भी अधिक कमाते है और कलाकारों को भी बहुत नाम और अपार धन दौलत कमाते है। जब तक कला को सरकार उद्योग का दर्जा नही देगी तब तक उद्योगपति अपना पैसा नही लगाएंगे । तो सरकार की नीतियाँ भी सकारात्मक होनी चाहिए।कला प्रेमी जनता को भी अपने राज्य के कलाकारों में सलमान,शाहरुख,सुभाष घई और उदित नारायण जैसे कलाकारों को ढूंढना होगा। क्योंकि हमारे अपने स्थानीय कलाकारो में इनसे भी बेहतर प्रतिभा है।आप दूर मत जाइये अपने बरही में देख लीजिए क्या राज आर्यन और उनके ग्रुप के डांसर्स में डांसिंग के प्रति जो समर्पण है वो किसी भी डांस ग्रुप से कम है ?बगैर कोई सपोर्ट के इतना सधा हुआ परफॉर्मेन्स बगैर टेक –रिटेक के देना आसान है क्या? लक्ष्मी और विकास जैसे सिंगर्स खुद कंपोज़ करके बेहतरीन परफॉर्मेन्स स्टेज पर दे सकते है,सोनू जैसा डांसिंग कलाकार बगैर प्रैक्टिस के स्टेज पर बेहतरीन डांसिंग कर सकता है जबकि ब०लीवुड में बगैर रिटेक के परफॉर्मेन्स नही होता है।एसे तमाम उदाहरण हैं।हम ऑडियंस कोभी अपना नजरिया बदलना होगा तभी हम झारखंड में कला को जीवित रख पाएंगे

# इंडियन एंथम स्कूल का तीसरा वार्षिकोत्सव का आयोजन, बच्चों को दिखाई प्रतिभा शिक्षा सबसे बड़ी पूंजी, अभिभावक अपने बच्चियों को दे उच्चतर शिक्षा : कृष्णा प्रजापति

## बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ एवं बाल विवाह को लेकर नाटक का मंचन, बालिका शिक्षा पर जोर

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरसोत पंचायत के श्रीनगर में शिक्षा का अलख जगा रहे इंडियन एंथम स्कूल श्रीनगर का तीसरा वार्षिकोत्सव का आयोजन बुधवार को विद्यालय परिसर में हुई। कार्यक्रम का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि अपेम अध्यक्ष कृष्णा प्रजापति, अपेम संरक्षक कृष्णा यादव , मुन्ना यादव , गुलाब दास, सूरज दास, शंकर दास एवं विद्यालय के निदेशक सुधाकर प्रसाद यादव , हरिशंकर व्यास ने शहीद भगत सिंह, राजगरु एवं सुखदेव के चित्र के समक्ष माल्यार्पण कर एवं दीप जलाकर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की निदेशक सुधाकर कुमार एव संच.ालन विद्यालय की छात्रा चंचला कुमारी ने किया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के बच्चों ने एक से बढ़कर एक नृत्य, गीत संगीत की प्रस्तुति दी। गणेश बंदना से कार्यक्रम की शुरुआत हुई। प्रियंका एवम अश्विनी ग्रुप ने स्वागत गान की प्रस्तुति दी। बच्चों ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की थीम पर नाटक का मंचन कर बालिका शिक्षा के प्रति जागरूक किया गया। संदीप उमा ग्रुप ने देशभक्ति कवाली की प्रस्.तुति दी। शहीद भगत सिंह की क्रांतिकारी कार्यशैली को दर्शता एक्ट दशम वर्ग के बच्चो ने किया। पुलवामा अटैक पर भी जीवंत चित्रण प्रस्तुत किया गया। इसमे मुख्य किरदार ईशु गणेश एवं उनके ग्रुप के सदस्यों के द्वारा निभाया गया। छठ पूजा , बाल विवाह पर भी नाट्य मंचन बच्चों के द्वारा किया गया। सुरुचि कुमारी, अमन कुमार, शिवानी कुमारी, अभिषेक कुमार, ईशु ने शिक्षा, विद्यार्थी जीवन, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पर भाषण देकर लोगो को जागरूक किया। मुख्य अतिथि कृष्णा प्रजा.पति ने संबोधित करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन से बच्चे रिफ्रेश होते हैं। शिक्षा ही जीवन की पूंजी है। हर अभिभावक को अपनी बच्चियों को उच्च शिक्षा करानी चाहिए। कृष्णा यादव ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में स्थापित यह विद्यालय शिक्षा का अलख जगा रहा है। बच्चों की प्रतिभा कार्यक्रम में दी जाने वाली प्रस्तुति को इंगित करती है। कार्यक्रम को सफल बनाने में सुधाकर कुमार, सुनील कुमार, हरिशंकर कुमार,विश्वनाथ कुमार, घनश्याम कुमार, राधेरमण कुमार, राजेश कुमार, बिंदु कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, देवनंदन कुमार, ऋचा कुमारी ,दीपा कुमारी, अर्चना कुमारी आदि ने सहयोग किया




कार्यक्रम का उद्घाटन करते अतिथिगण




## सड़क दुर्घटना में बाइक सवार घायल, रेफर



बरही प्रखंड अंतर्गत पंचमाधव पंचायत के पडीरमा निवासी नीरज कुमार उम्र 18 वर्ष पिता दीना यादव सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया। आस पास के लोगो ने घायल युवक को बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से प्रा.थमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया।

## विषपान से 19 वर्षीय युवती गंभीर, रेफर

बरही थाना अंतर्गत रानीचुवा पंचायत के चलंगा की एक युवती ने विषपान कर लिया। जिससे वह गंभीर हो गई। परिजनों को जानकारी मिलने पर उसे बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया।

# डॉ बीआर अंबेडकर स्कूल में मनाई गई शहीद भगत सिंह की शहादत दिवस

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

डॉ भीम राव अम्बेडकर पब्लिक स्कूल मलकोको में सरदार भगत सिंह की शहादत दिवस मनाई गई। विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकगण एवं बच्चों ने कैंडल जलाकर उनके आत्मा की शांति कामना की और वीर शहिद भगत सिंह की के संघर्षो पर बारी–बारी शिक्षकों द्वारा चर्चा किया गया। प्रधानाचार्य गुलाब कु0दास ने कहा कि भगत सिंह हम भारतीयों के लिए गर्व हैं एवं शान हैं। आज उनके सहादत दिवस पर उन्हें शत–शत नमन करते हैं। निदेशक दिनेश यादव ने बताया कि शहीद भगत सिंह को नमन करते हैं एवं उनके संघर्ष को सलाम करते हैं। विधलाय उपप्रधानाध्यापक सूरज दास ने कहा कि आज हम भारतीय अमन चौन से रह रहे हैं तो यह हमारे वीर पुरुषों, शहीद,बलिदान हुए क्रन्ति.कारी वीरों की देन है। हम भगत सिंह के संघर्षो व त्याग को कोटि–कोटि नमन करता हूँ। मौके प्रधानचार्य गुलाब कु0 दास, निदेशक दिनेश यादव,शंकर दास, शिव कुमार यादव,रोहित यादव,प्रवीण कुमार प्रसाद, सकलदेव यादव,सीमा कुमारी,फरजाना खातून एवं विधलाय के बच्चे अन्नू कुमारी,ललित कुमारी, सन्तोषी कुमारी,राहुल कुमार,सोहेल अंसारी,पंकज कुमार,सचिन कुमार, सानिया निशा,महफूज अंसारी, अर्चना कुमारी,रुखसाना खातून,शामिल हुए।




शहादत दिवस मानते डॉ बीआर अम्बेडकर

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार सहयोगीः सोनू पंडित एडिटरः सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## म्बेडकर कोचिंग सेंटर के बच्चो को दी गई विदाई, बताए गए परीक्षा का टिप्स

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



विदाई देते शिक्षकगण

बरही धनबाद रोड स्थित एनएच गेस्ट हाउस के सामने अंबेडकर कोचिंग सेंटर के नए भवन में दसवीं कक्षा की उत्प्रेषित छात्र छात्राओं को विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता डo संजय बरनवाल तथा मंच संचालन मनोज कुमार घोष ने किया अंबेडकर कोचिंग सेंटर का शुरुआत सन 1992 ईस्वी में किया गया था 29 वर्ष की अवधि में कितने ही छात्र छात्राओं को शिक्षा के क्षेत्र में अलख जगाने का काम किया इस कोचिंग सेंटर में क्लास 8जीसे क्लास 12जी की पढ़ाई की शुरुआत की गई है। डॉ संजय बरनवाल ने छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप हमेशा आगे बढ़ते हुए इस कोचिंग सेंटर का नाम रोशन करें जिन्होंने आप को इस मंजिल तक पहुंचाने का काम किया है।शिक्षक श्री संजय दुबे ने सभी उत्प्रेषण छात्र-छात्राओं को शुभकामना देते हुए अच्छे अंक लाने का सुझाव दिया शिक्षक मनोज घोष ने कहा कि यदि विद्यार्थी लग्न एवं मेहनत से अध्ययन करे तो मंजिल अवश्य प्राप्त कर लेंगे डीएवी के शिक्षक सुधीर कुमार जो इस कोचिंग सेंटर के पूर्व छात्र भी रहे हुए हैं वह भी छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन किया आज के इस कार्यक्रम में शिक्षक मिथिलेश कुमार आलोक कुमार संजय दुबे मनोज कुमार घोष तथा अरुण कुलदीप पवन एसएसआर फरहान सूरज अरुण विनय कुलदीप पवन खुशी साहिल गुलशन ज्योति पायल कुमारी है रोजी तान्या लक्ष्मी नैंसी छात्र-छात्राएं उपस्थित हुए

## एंबिशन एकेडमी में शहादत दिवस पर याद किए गए भारत के वीर सपूत

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**




बरही प्रखंड अंतर्गत मल. कोको पंचायत के मलकोको में संचालित एम्बिशन अकादमी संस्थान में बुधवार को शहीद दिवस मनाया गया। जिसमें भारत के वीर सपुत भगत सिंह, राजगुरु एवं सुखदेव के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर नम आंखों से श्रृद्धांजलि दी गई।।कार्यक्रम के शुरुआत में बच्चों द्वारा शहीद ए आजम पे भाषण, संगीत, कविता एवं लघु नाटक के माध्यम से वीर सपूतों को याद किया गया। कार्यक्रम में एम्बिशन अक. ादमी के संचालक मो अज़हरुद्दीन ने बताया कि 23 मार्च 1931 को भगत सिंह, राजगुरु एवं सुखदेव को अंग्रेजों ने फांसी दे दिया था। मात्र 23 साल की उम्र में भगत सिंह अपने साथियों के साथ हंसते-हंसते फांसी पर चढ़ गए थे। वहीं भगत सिंह और उनके साथियों की कुर्बानी को प्रत्येक वर्ष शहीद दिवस के रूप में याद किया जाता है। भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव भारत के सच्चे सपूत थे, जिन्होंने अपनी देशभक्ति और देशप्रेम को अपने प्राणों से भी अधिक महत्व दिया और मातृभूमि के लिए प्राण न्यौछावर कर गए। यह दिवस न केवल देश के प्रति सम्मान और हिंदुस्तानी होने वा गौरव का अनुभव कराता है, बल्कि वीर सपूतों के बलिदान को भीगे मन से श्रृद्धांजलि देता है। उन अमर क्रांतिकारियों के बारे में आम मनुष्य की वै. चारिक टिप्पणी का कोई अर्थ नहीं है। उनके उज्ज्वल चरित्रों को बस याद किया जा सकता है कि ऐसे मानव भी इस दुनिया में हुए हैं, जिनके आचरण किंवदंति हैं। भगत. सिंह ने अपने अति संक्षिप्त जीवन में वैचारिक क्रांति की जो मशाल जलाई, उनके बाद अब किसी के लिए संभव न होगी। श्आदमी को मारा जा सकता है उसके विचार को नहीं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अंजलि पासवान, पम्मी पासवान, सानिया प्रवीण, आयेशा प्रवीण एवं लड़को के मण्डली ने भाषण, संगीत, कविता, शुभ विचार, एवं नाट्य को दिखाया। वहीं कार्यक्रम के संचालन कर रहे शोएब अख्तर ने शहिदों को वीर गाथाओं से रुबरू करके कार्यक्रम का सफल सम्पन्न किया। कार्यक्रम में तरन्नुम प्रवीण, रुकसार, तबस्सुम, रिज़वान, मुस. तकीम, रबीना, सब्बा असमानी तथिर फातमा, आदि उपस्थित रहे।

## शहीद भगत सिंह के सहादत दिवस पर पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



झारखण्ड नेशनल पब्लिक स्कूल कृष्णापुरी में शहीद भगत सिंह, राजगरु एवं सुखदेव के शहादत के अवसर पर पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पौधरोपण के पूर्व शहीद भगत सिंह एवं अन्य शहीद क्रांतिकारी के चित्र पर पुष्पार्चन कर श्रद्धा सुमन व्यक्त किया गया। उसके बाद विद्यालय परिसर में कई फलदार एवं छायादार पौधे लगाए गए। इस अवसर पर निदेशक सुनील कुमार दत्ता ने कहा कि शहीद भगत सिंह ने देश की आज़ादी में अपने आपको बलिदान कर दिए । इन्ही के शहादत पर आज पौधरोपण किया गया। क्योंकि पर्यावरण संरक्षण एवं संतुलन के लिए नियमित पौधरोपण जरुरी है। इस कार्यक्रम में सुशील कुमार, प्रमोद सिंह सहित स्कूल के सभी शिक्षक मौजूद रहे।

## नशे की गिरफ्त में नई पीढ़ी नही थम रहा साइबर ठगी का धंधा

### एक साल में पचास से अधिक गिरफ्तारी पैसों की चकाचौन्ध में भटक रहा युवा वर्ग

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल मुमार**

बरकट्ठा व गोरहर थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में बड़ी संख्या में साइबर ठगी का धंधा चरम पर है इन दिनों इन साइबर अपराध करने वालो युवकों के साथ रहने वाले नई पीढ़ी के युवक नशे की गिरफ्त में आ रहे है वह भी नशे के एक से एक नए तरीके ईजाद किया जाता है जिनमे प्रमुख गांजा, सिगरेट आयोडेक्स व सुलेशन को सूंघ कर नशा का आनंद लिया जा रहा है ज्ञात हो आये दिन ऐसे युवक हिंसक प्रवित्ति के होते है झगड़ा मारपीट के लगभग मामलों में यह इन्वल्व रहते है अपने आप को महाकाल के दूत बताते हुए सोशल मीडिया में नशेड़ी चाचा या नशा का समंदर जैसे आईडी बनाकर सरेआम अपने नशापान का बखान करते है वही बरकट्ठा परसाबाद पीडब्ल्यूडी रोड़ पर रात के अंधेरे नदी किनारे चिलम से धुआं छोड़ते नजर आ जायेंगे ध्यान रहे वर्ष 2021-22 में लगातार गिरफ्तारी हुई पूरे जिले भर में साइबर ठगी को लेकर लगभग 70 से अधिक युवकों की गिरफ्तारी हुई कई सगे भइयों की जोड़ियों को भी गिरफ्तार किया गया अकूत चल अचल सम्पति बनाने की सार्वजनिक जानकारी हुई लेकिन यह धंधा कम के स्थान पर जोरो पर आ गया है अब तो इन साइबर क्राइम करने वालो की जद में हजारीबाग व रांची शहर एक पनाहगार साबित हो रहा है कम समय मे पैसों की चक. ाचौंध से बरकट्ठा में युवा वर्ग भटक सा गया है अधिक पैसों की आय इनके दिमाग पर भी चढ़ रही है रात दिन सिगरेट शराब व गांजे की सनक में धडधडाती बुलेट की आवाज रात के दो बजे भी सुनाई पड़ सकती है इन युवाओं के बाइक चलाने का अंदाज बेहद खतरनाक व जानलेवा साबित होता है कई युवक बाइक दुर्घटना में भी मारे गए वही कम उम्र के ये युवा किसी भी जुलूस या अन्य सामाजिक कार्यो में सिर्फ दिखावे के लिए आगे रहते है जबकि इनका कार्य बहुत ही निंदनीय व असामाजिक है हाँ इतना जरूर हो रहा है गांव के कुछ पैरवीकार रात दिन इन युवाओं के पैरवी में थाना में नजर आते है बरकट्ठा प्रखण्ड के दो चार गांव में तो अचानक 2 वर्षो में पचासों बिल्डिंगे तैयार हो गयी है जिस पर किसी का अंकुश नही है टपाये गए रुपयों को 10 से 20 प्रतिशत राशि पर कुछ दुकानदार मार्केटिंग कराकर रुपयों का लेन देन किया जाता है अब आज के दौर में सिर्फ एक वट्सएप चौट के द्वारा कम समय मे पैसे की चाहत इन युवाओं को भटका रही है कोर्रा क्षेत्र में दर्जनों लoज इन साइबर क्राइम करने वालो का आशियाना बना हुआ है इस संदर्भ में थाना प्रभारी विक्रम कुमार ने कहा साइबर अपराध में लिप्त युवकों की जानकारी जुटाई जा रही है साथ ही इस तरह के मामले में काफी गिरफ्तारी हुई है आने वाले दिनों में ग्रामीणों व प्रबुद्ध नागरिकों से सहयोग की अपेक्षा है ताकि इस तरह के सामाजिक कोढ़ से इलाके को बचाया जा सके

## श्री श्री 108 श्री हनुमत प्राण प्रतिष्ठा सह रामचरित्र मानस पाठ्मक महायज्ञ झंडा रोपण कार्यक्रम

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल मुमार**



बरकट्ठा : प्रखंड के घंघरी मे श्री श्री 108श्री हनुमत प्राण प्रतिष्ठा सह रामचरित मानस पाठ्मक महायज्ञ झंडा रोपण का आयोजन किया गया। इसकी शुरुआत आज 23 मार्च को भूमि पूजन झंडा रोपण का कार्यक्रम गाजे -बाजे और ढोल के साथ शुरू हुई। जिसमे महिलाओ एवं पुरुषओ ने झंडा लेकर क्षेत्र भ्रमण किया।झंडा रोपण यात्रा की शुरुआत यज्ञचार्ज पंडित त्रिभुवन पाण्डेय ने की मौके पर मुखिया प्रतिनिधि -सतीश सिंह ने अपने सम्बोधन में कहा कि यज्ञ पूजा - पाठ होने से मन को शांति और वातावरण शुद्ध होकर मनुष्य परमात्मा के साथ जुड़ जाता हैं, लोग पूण्य के भागी बनते हैं , लोगों को भक्तिमय होकर पूजा अर्चना करने की अपील भी की.मुख्य पुजारीअर्जुन प्रसाद और उनकी पत्नी निमिया देवी से झंडा रोपण स्थापित किया। यह यज्ञ -12 अप्रैल से शुरू होकर 16 अप्रैल तक होगा। मौके पर पंसस बिरेन्द्र कुमार शर्मा, भावी मुखिया सुमन प्रसाद, वार्ड मनोज सिंह,पोखराज प्रसाद,योगेन्द्र प्रसाद, हेमलाल यादव, भुनेश्वर सिंह, छोटी सिंह,अर्जुन प्रसाद, सिकंदर यादव, शंकर प्रसाद, राज. कुमार प्रसाद, विष्णु यादव, बबुनी महतो, छोटी महतो, लेखराज महतो, जगदेव सिंह, समेत सैकड़ों की संख्या में महिला पुरुष उपस्थित थे।

APEM
LIVE

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार सहयोगीः सोनू पंडित एडिटरः सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉo अनिल कुमार

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## RAINBOW SCHOOL BARHI

RAINBOW SCHOOL BARHI

UID NO. 20040117202

Shivpur (Gadlahi), Barhi, Hazaribag

Contact Number- 8210966457,8863095445

(A Better Educated Generation, A Better Future For Our Nation)


ADMISSION OPEN NOW




Built a Bright Future for Your Child. Give Your Child Education of Heart & Soul

### SALIENT FEATURES

- C.B.S.E. Pattern based Education (Upto Xth Class)
- Eco Friendly Environment
- Admission through Entrance Exam
- Highly Experienced & Qualified Teachers and Staff
- Beautifully Aesthetically Designed Campus
- Stress Free & Pollution Free Environment
- Smart Classes, Computer Lab
- Project Based learning Music and Dance room
- Indoor & Outdoor Games and Sports Facilities
- Counselling Programs For Students & Parents
- Preparation & Remedial classes for Extra Support
- Whole Campus under CCTV Surveillance
- Transport Facility available
- School offers scholarship to meritious students
- R.O. Purified water facility
- Well Stocked Library
- Separate Common room (Toilet) Facilities for Boys & Girls
- Sufficient & Airy Classrooms
- Remedial Classes for Co-Curricular Activities
- Well Organised Programs on 26th Jan & 15th Aug.
- Celebration of "Saraswati Puja" with great Enthusiam
- Regular Organised Exams Periodically
- Facilated with Medical Kit, Sports Goods & P.T. Drum










इस प्रकार की शिक्षा प्रणाली का विकास करना हैं, जिसके द्वारा ऐसी युवा पीढ़ी का निर्माण हो सके जो राष्ट्रभक्ति से ओत–प्रोत हो, शारीरिक, प्राणिक, मानसिक, बौद्धिक दृष्टि से पूर्ण विकसित हो तथा जो जीवन की चुनौतियों का सामना सफलतापूर्वक कर सके, उसका जीवन अन्य लोगों को शोषण एवं अन्याय से मुक्त कराकर राष्ट्र जीवन को समरस, सुसंपन्न एवं सुसंस्कृत बनाने के लिए समर्पित हो।

——— डायरेक्टर (सिकंदर प्र0 कुशवाहा) की कलम से



## PHYSICAL ACADEMY BARHI

- Boys & Girl
- Indian Army
- T.A. Army
- S.S.C, G.d.
- indian Navy
- Indian Air Force
- झारखण्ड पुलिस






फिजिकल और रिटेन दोनो की तैयारी करवाई जाती है।

नोट – हमारे यहाँ हॉस्टल की भी सुविधा है। हमारे यहाँ डे–नाईट क्लास चलती है।

Teacher : Bikash Kumar (B.A.) Sudhir Kumar (B.TA)

Contact No.- 7979908106, 9128479677, 8083536881

Trainer : Bikash Kumar, Suraj Kumar (Army Excellent)

Training Place : कोबरा गेट के सामने (उज्जैना मैदान)

Office : नहर, तिलैया रोड, बरही, हजारीबाग

वादा नहीं विकास करेंगे... जन-जन का सम्मान करेंगे...

बरही पश्चिमी से

पंचायत समिति प्रत्याशी पद हेतु

युवा, कर्मठ, जुझारू एवं ईमानदार

उम्मीदवार

कपिल प्रसाद केशरी

को अपना बहुमूल्य मतदान देकर भारी मतों से विजयी बनाएं...!

सोच हमारी विकास आपका



कपिल प्रसाद केशरी भावी पंचायत समिति प्रत्याशी, बरही पश्चिमी

जोश है, होश है, संकल्पों से यारी है



विकास,समृद्धि और खुशहाली की बारी है

कुंती देवी

भावी जिला परिषद प्रत्याशी बरही पश्चिमी भाग (4)

तापेश्वर प्रसाद

सामाजिक कार्यकर्ता

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## जागेश्वर गोप बने कांटी रामनवमी एवं बसंती दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष

**अपेम लाइव चंदवारा**
**धीरज कुमार**



चंदवारा प्रखंड के ग्राम पंचायत कांटी में ग्रामीणों के द्वारा सार्वजनिक बासंती दुर्गा पूजा और रामनवमी को सफल संचालन हेतु एक आवश्यक बैठक बुलाई गई। इस बैठक की अध्यक्षता श्री चंद्र भूषण पांडेय तथा संच. ालन श्रीराम पांडे ने किया। बैठक में मुख्य रूप से बसंती दुर्गा पूजा समिति का गठन किया गया और रामनवमी को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने का संकल्प लिया गया। सर्वसम्मति से सभी ग्रामीणों ने सेवानिवृत्त शिक्षक श्री जागेश्वर गोप को पूजा समिति का अध्यक्ष चुना गया। साथ ही चंद्रभूषण पांडेय एवं मुन्ना यादव को उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। सचिव के रूप में वीरेंद्र प्रसाद एवं सह सचिव के रूप में बुधन यादव को मनोनीत किया गया। निर्देशक के रूप में डेग्लाल प्रसाद एवं संयोजक के रूप में श्रीराम पांडेय और सांसद प्रतिनिधि राम लखन यादव को चुना गया। वहीं संरक्षक के रूप में रामचंद्र गोप एवं रमेश प्रसाद का चयन हुआ। सांस्कृतिक कार्यक्रम के निर्देशक के रूप में श्रीमती सारिका देवी, सौरभ कुमार, संदीप कुमार सनी, विवेकानंद पांडेय एवं सुधाकर यादव चयनित हुए। मौके पर सक्रिय सदस्यों के रूप में सतीश सिंह, उदय कुमार, बबलू कुमार शिवशंकर यादव, मनोज राणा, देवकी पासवान इत्यादि भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

चंदवारा प्रखंड के ग्राम पंचायत कांटी में ग्रामीणों के द्वारा सार्वजनिक बासंती दुर्गा पूजा और रामनवमी के सफल संचालन हेतु एक आवश्यक बैठक बुलाई गई। इस बैठक की अध्यक्षता श्री चंद्र भूषण पांडे तथा संचालन श्री राम पांडे ने किया । बैठक में मुख्य रूप से बसंती दुर्गा पूजा समिति का गठन किया गया और रामनवमी को शांतिपूर्ण एवं खुशी खुशहाली से मनाने का संकल्प लिया गया। सव. 'सम्मति से सभी ग्रामीणों ने सेवानिवृत्त शिक्षक श्री जागेश्वर गोप को पूजा समिति का अध्यक्ष चुना साथ ही श्री चंद्र भूषण पांडे एवं मुन्ना यादव को उपाध्यक्ष चुना गया । सचिव के रूप में श्री वीरेंद्र प्रसाद एवं सह सचिव के रूप में श्री बुधन यादव मनोनीत हुए। निर्देशक के रूप में श्री डेग्लाल प्रसाद एवं संयोजक के रूप में श्री राम पांडे और सांसद प्रतिनिधि श्री राम लखन यादव को चुना गया। वही संरक्षक के रूप में श्री राम चंद्र गोप एवं रमेश प्रसाद का चयन हुआ । सांस्कृतिक कार्यक्रम के निर्देशक के रूप में श्रीमती सारिका देवी , सौरभ कुमार संदीप कुमार सनी, विवेकानंद पांडे एवं सुधाकर यादव चयनित हुए। इस मौके पर सक्रिय सदस्यों के रूप में श्री सतीश सिंह ,उदय कुमार, बबलू कुमार शिव शंकर यादव मनोज राणा देवकी पासवान इत्यादि भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## कल से शुरू होगी मैट्रिक एवं इंटर की परीक्षा,मैट्रिक में 2207 एवं इंटर में 1715 परीक्षार्थी होंगे शामिल

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

राज्य में मैट्रिक एवं इंटर की परीक्षाएं कल से शुरू हो रहीं है। इसे लेकर सभी परीक्षा केंद्रों पर विशेष सुरक्षा प्रबंध किए गए है। दोनो परीक्षाओं को लेकर बरही में कुल 6 परीक्षा केंद्र बनाए गए है। जिसमे +2 हाई स्कूल बरही, परियोजना बालिका उच्च विद्यालय बरही, राजकीय मध्य विद्यालय बरही, राम नारायण यादव मेमोरियल क०लेज, बरही इंटर क०लेज एवं +2 हाई स्कूल करियातपुर शामिल है। सभी परीक्षा केंद्रों में शौचालय, पीने का पानी, कुर्सी, बेंच - डेस्क समेत अन्य व्यवस्थाएं की गई है। सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी से निगाह रखी रखी जा रही है। वहीं बरही में मैट्रिक में 2207 एवं इंटर में 1715 परीक्षार्थी शामिल होंगे।वहीं बरही में धारा 144 लागू होने के कारण परीक्षा केंद्र के 100 मीटर के एरिया में किसी भी प्रकार का भीड़ भाड़ लगाने पर प्रतिबंध है। ( प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारियों एवं पुलिस कर्मियों को छोड़कर। वहीं परीक्षा केंद्र में मास्क एवं सामाजिक दूरी बनाए रखने का निर्देश दिया गया है।




## जयनगर में शहीद-ए-आजम सरदार भगत सिंह राजगुरु व सुखदेव का शहादत दिवस मनाया गया

### भगत सिंह के शहादत के ने दिलाई देश को आजादी - महादेव राम

**अपेम लाइव कोडरमा**
**धीरज कुमार**



अखिल भारतीय नौजवान संघ जिला इकाई कोडरमा के तत्वधान में सांस्कृतिक भवन जयनगर में शहीदे आजम सरदार भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव का 93 वां शहादत दिवस मनाया गया। इस अवसर पर एक गोष्टी की गई। जिसकी अध्यक्षता अखिल भारतीय नौजवान संघ के पूर्व जिला अध्यक्ष अर्जुन यादव ने किया। गोष्टी को संबोधित करते हुए भाकपा राज्य कार्यकारिणी सदस्य सह जिप सदस्य महादेव राम ने कहा की भगत सिंह के शहादत के कारण देश आजाद हुआ। गोरे लोग चले गए लेकिन काले लोग देश को लूट रहे हैं। जिनके पूर्वजों ने अंग्रेजों की दलाली की है, जिनके पूर्वजों ने अंग्रेजों से माफी मांगा वह सत्ता पर काबिज है। वेलोग क्षद्म राष्ट्रवाद की बात करते हैं। महात्मा गांधी ने जिन्होंने अहिंसा से देश को आजाद कराया और राष्ट्र. पिता बने, उनके हत्यारा का महिमामंडित किया जा रहा है। वह राष्ट्रवाद की बात करते हैं ऐसे काले लोगों को जब तक सत्ता से हटाया नहीं जाएगा तब तक गरीबों का कल्याण नहीं होगा। उन्होंने कहा कि काले लोगों को हटाने में नौजवानों को अहम भूमिका निभाना होगा। घर घर भगत सिंह पैदा कर असली आजादी की लड़ाई लड़नी होगी। बैठक को संबोधित करते हुए भाकपा जिला मंत्री प्रकाश रजक ने कहा कि जालियांवाला बाग में गोली चलाने का आदेश देने वाला जनरल डायर की हत्या उधम सिंह ने इंग्लैंड में जाकर ने किया। उधम सिंह को फांसी इंग्लैंड में दी गई। लेकिन देश के इतिहासकारों ने उधम सिंह को महिमामंडित नहीं किया, उसका इतिहास नहीं बनाया। क्योंकि वह दलित था। उन्होंने कहा कि कश्मीर फाइल की चर्चा मोदी जी करते हैं लेकिन जय भीम की चर्चा नहीं करते, बैंडिट क्वीन की चर्चा नहीं करते हैं। अगर जय भीम की चर्चा की जाए तो संविधान की रक्षा की जा सकती है। आज संविधान के ऊपर हमले हो रहे हैं नौजवानों को संविधान बचाने का भी संकल्प लेने का भी आवश्यकता है। बेरोजगारी महंगाई की लड़ाई नौजवानों को निरंतर लड़ने की आवश्यकता है। गोष्ठी को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय नौजवान संघ के जिला अध्यक्ष रंजन कुमार रजक ने कहा कि कोडरमा जिला में भगत सिंह के आदर्श गांव-गांव में लेकर जाएंगे एवं काले लोगों को खदेड़ कर भगाने का प्रयास करेंगे। गोष्ठी को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय नौजवान संघ के जिला सचिव कयूम उद्दीन ने कहा कि आउटसोर्सिंग एवं अनुबंध सिस्टम से लाखों नौजवानों को छल्ला जा रहा है। पंजाब के माननीय मुख्यमंत्री को बधाई देते हैं जिन्होंने एकमुश्त 35000 नौजवानों को नौकरी पक्की कर दी। गोष्ठी को संबोधित करते हुए सोनिया देवी ने कहा कि काले अंग्रेजों को भगाने में युवतियों को अहम भूमिका निभाना होगा। भगत सिंह के संघर्षो को अपनाकर एक नई आजादी की लड़ाई लड़नी होगी। जिसमें महिलाएं सुरक्षित महसूस करें। गोष्ठी को संबोधित करते हुए युवा नेता पुरुषोत्तम यादव ने कहा कि 1952 से जितने सरक. ारें आई है सबने नौजवानों को ठकने का काम किया है। 2014 में दो करोड़ लोगों को मोदी ने रोजगार देने का आश्वासन किया था। लेकिन वह भी नौजवानों के साथ धोखा दिया। गोष्ठी को संबो. धित करते हुए उप प्रमुख वि. रेंद्र यादव ने कहा कि देश के नौजवानों को आदर्श पुरुष राजगुरु सुखदेव भगत सिंह, बटुकेश्वर दत्त, चंद्रशेखर आजाद, सुभाष चंद्र बोस को मानना चाहिए। जिन्होंने देश को आजाद कराया। शहादत दिवस के अवसर पर नौजवानों ने भगत सिंह के सपनों के देश बनाने का संकल्प लिया। गोष्ठी को ब्रह्मदेव दास, अखिल भारतीय नौजवान संघ के जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र रजक, सुखदेव पांडेय, महेश प्रसाद सिंह, सुदामा यादव, रामेश्वर यादव, कैलाश रजक, शंभू सिंह, काली सिंह, विश्वनाथ रविदास, बलबीर चौधरी, दिलीप कुमार राणा, संजय दत्त, गागो नायक, सुरेंद्र पासवान, राम लखन पा. सवान, विनोद पासवान, शंभू सिंह, इसरफिल खान, सांसद मियां, त्रिवेणी दास, सुदामा यादव, गुफरान खान, अर्जुन दास, बबलू दास, किशोर कुमार चौधरी, गुड़िया देवी, पार्वती देवी, अनीता देवी, जितनी देवी, सुमित्रा देवी, प्रियंका देवी, सविता देवी, मीना देवी, उर्मिला देवी, बसमतिया देवी, दशरथ पासवान आदि लोग मौजूद थे। धन्यवाद ज्ञापन काली सिंह ने किया।



सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## शहादत दिवस पर यादे किये गए शहीद भगत सिंह राजगुरु व सुखदेव

**अपेम लाइव : चौपारण**

**किशोर कु0 राणा**



चौपारण शहीद भगत सिंह उच्च विद्यालय झापा के विद्यालय परिसर में शहीद-ए-आजम शहीद भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव के 92वें शहादत दिवस मनाया गया। इस दौरान अतिथियों ने तीनो शहीदों के तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय शासि निकाय सचिव राकेश रंजन, संस्थापक सचिव सह पूर्व विधायक राम लखन सिंह, पूर्व प्रधानाध्यापक नकुल देव पोद्दार, सुरेंद्र सिंह, भास्कर प्रसाद, महादेव प्रजापति आदि में सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान स्कूली बच्चों ने शहीदों के कुर्बानी को याद कर उनके बताए पद चिन्हों पर चलने का संकल्प लिया व एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक प्रस्तुति दिया। इस दौरान अतिथियो ने शहीदों के क्रांतिकारी कार्यो पर प्रकाश डाला। पूर्व विधायक ने कहा कि भगत सिंह ने 14 वर्ष की उम्र से ही अंग्रेजों के खिलाफ जारी आंदोलन में कूद पड़े थे। विद्यालय सचिव राकेश रंजन ने कहा चंद्रशेखर, राजगुरु व सुखदेव के शहादत का परिणाम है आज हमसब आज़ादी के माहौल में जी रहे है। मौके पर पूर्व सदस्य वीरेंद्र सिंह, प्रधानाध्यापक अभिभावक रोशन साव, सहायक शिक्षक कृष्णा कुमार, किरण कुमारी, शांति कुमारी, प्रीति कुमारी, दीपक कुमार, खुशी यादव, सीआरपी प्रभाकर कुमार अम्बोधि, तुलसी साव, महेंद्र राम, के साथ सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे ।

## सिघरावां में रामनवमी पूजा समिति का गठन अध्यक्ष बने लालेश कु साहू ,महासचिव विजय मद्धेशिया, कोषाध्यक्ष विकाश गुप्ता

**अपेम लाइव : चौपारण**

**किशोर कु0 राणा**




चौपारण : सिघरांवा हनुमान मंदिर प्रांगण में नवरात्रि क्लब के सक्रिय सदस्यों की बैठक सुभाष राणा की अध्यक्षता में की गई। वहीं बैठक का संचालन दीपक गुप्ता ने किया। बैठक में श्री श्री चौत रामनवमी पूजा व झांकी, मंदिर रंग रोगन पर विशेष चर्चा के साथ कमेटी गठित की गई। उपस्थित सदस्यों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी रामनवमी पूजा हर्षोल्लास के साथ शांतिपूर्ण तरीके से मनाया जाएगा।बैठक में विशेष रूप से नई कमिटी का गठन किया गया। जिसमें बीते दो वर्षो से कोविड-19 नियमों के कारण झांकी नहीं निकाली गई थी। लेकिन इस वर्ष 2022 में कोविड पूरी तरह सामान्य है। इसे देखते हुए बैठक कर झांकी व चौत्र रामनवमी पूजा का धूम - धाम से मनाने का निर्णय लिया गया। इस दौरान बैठक में नई कमेटी का गठन किया गया जिसमें सर्व सम्मति से अध्यक्ष लालेश कुमार साहू , महासचिव विजय मधेशिया, कोषाध्यक्ष विकास कुमार गुप्ता समेत चार उपाध्यक्ष बनाए गए। उपाध्यक्ष अरविंद मधेशिया, उपाध्यक्ष शुभम कुमार, उपाध्यक्ष हरेंद्र कुमार, उपाध्यक्ष श्रवण कुमार, सह सचिव नकुल कुमार,सह सचिव विक्की कुमार,सह सचिव राजेंद्र साव, सह कोषाध्यक्ष बंटी कुमार को बनाया गया है। बैठक में मुख्य रूप से बद्री साव, दामोदर साव, सुभाष राणा, युवा नेता दीपक गुप्ता,शिक्षक संजय साव, नरेश कुमार मनोज साव, हरीश कुमार, अमीत कुमार (मुरली) शक्ति कुमार,बिनोद बिहारी,अंगद कुमार,अमीत कुमार,राजेंद्र साव,पिंटू कुमार,सुनील कुमार,निर्मल साव,नरेश साव,दीपक कुमार समेत कई लोग उपस्थित थे।

## बिना नैना सब सुना ऑप्टोमेट्री दिवस पर एलएनजेपी में कार्यशाला का आयोजन

**अपेम लाइव : चौपारण**

**किशोर कु0 राणा**



चौपारण नव भारत जागृति केंद्र बहेरा द्वारा संचालित लोक नायक जेपी आँख अस्पताल बहेरा में विश्व अ०प्टोमेट्री दिवस पर कार्यशाला का आयोजन किया गया । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ विशाल व डॉ विशाखा ने कहा कि षबिना नैना सब सुनाष अर्थात आंखों के बिना जीवन सुना लगता है। आंखे स्वस्थ रहने से व्यक्ति अपनी रोजमर्रा के कार्य बिना किसी सहारे के भी कर सकता है। कहा नेत्र भगवान का दिया सबसे कीमती उपहार है जिससे हम प्रकृति की सुंदरता का आनंद लेते है। इस दौरान पारा मेडिकल का कोर्स सम्पन्न कर रहे छात्र व छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि एलएनजेपी अस्पताल आंखों से सबधित ईलाज के लिए पूरे राज्य में एक अगल पहचान बना रहा है। मौके पर करुणा निधि एवम इंस्टीटूट के सदस्य निधि श्रॉफ एवम छात्र, छात्रा उपस्थित थे। छात्रों एवम डॉ ने मिलकर केक काटा और आज के दिन शपथ लिया कि अपने प्रोफेशन के प्रति ईमानदार रहेंगे और लोगो की सेवा सच्चे मन से करेंगे।

## ग्रामीणों ने कब्रिस्तान की चारदीवारी में गलत तरीके से एग्रीमेंट करने को लेकर दिया आवेदन

**अपेम लाइव : बरही**

**सोनु पंडित**

बरही प्रखंड अंतर्गत गरजामों के ग्रामीणों ने कब्रिस्तान के चाहरदीवारी का एग्रीमेंट कल्याण विभाग हजारीबाग के द्वारा गलत तरीके से करने का आरोप लगाया है। इस बाबत जिला कल्याण पदाधिकारी को आवेदन देकर एग्रीमेंट रद्द करने की मांग की है। बताया कि कल्याण पदाधिकारी के पत्रांक 553 दिनांक 17-8 -21 को बरही प्रखंड विकास पदाधिकारी को ग्राम सभा के लिए पत्र निर्गत किया गया। जिसके आलोक में प्रखंड विकास पदाधाकारी ने पत्रांक 868 दिनांक 27-11-21 को ग्राम गरजामो कब्रिस्तान का चारदीवारी का ग्राम सभा कराए जिसमे अध्यक्ष रमजान अंसारी पिता सलामत अली एवं सचिव मो मनुवर अंसारी पिता रहीम मियां को सभी ने अपनी अपनी सहमति से चयन किया। पत्रांक 868 दिनांक 27-11-21 को कल्याण पदाधिकारी हजारीबाग को पत्र निर्गत किए, परंतु जब हमलोग कल्याण विभाग हजारीबाग पता करने गए की हमलोग का ग्राम सभा का क०पी आया है अब एग्रीमेंट कर दीजिए पर कार्यालय में हमलोगो को बहुत दिन टहलाया गया की अभी उपयुक्त महोदय का आदेश नही है। आदेश आने पर आपलोग को बुलाकर एग्रीमेंट करवा देंगे दिनांक 21-3-22 को जब हमलोग पुनः कल्याण विभाग हजारीबाग गए तो हमलोग को बताया गया की एग्रीमेंट मो मेहताब आलम एवं मो मंसूर आलम के नाम से कर दिया गया है। जबकि मो मंसूर आलम एक सहायक अध्यापक शिक्षक है ना ही उपरोक्त दोनों व्यक्ति के नाम से ग्राम सभा हुआ है। साथ ही लोगो ने निवेदन किया की गरजामो इसका जांच कर जो सही ग्रामसभा है। उस पर पुनः एग्रीमेंट करने के कृपा प्रदान करे।

## दैहर में शांति समिति का बैठक शांतिपूर्ण रामनवमी मनाने का आग्रह

**अपेम लाइव : चौपारण**

**किशोर कु0 राणा**



चौपारण रामनवमी त्योहार को लेकर पुलिस प्रशासन ने पंचायतवार शान्ती समिति का बैठक कर रामनवमी शान्तीपुर्ण व शौहर्द वातारण में मनाने का आग्रह कर रही है। इसी कड़ी में चौपारण थाना प्रभारी स्वपन कुमार महतो के अगुवाई में ग्रामीणों व पंचायत के राजनीति व सामाजिक लोगों के बीच बैठक किया गया। बैठक में थाना प्रभारी ने सबों को अनुमंडल प्रसाशन द्वारा जारी दिशा निर्देशों का अनुपालन कराते हुए रामनवमी का त्योहार मनावे। बैठक में मुखिया प्रतिनिधि अशोक पासवान, अर्जुन सिंह, बबन सिंह, कैलाश पांडेय, राजकुमार पांडेय, रामप्रसाद पासवान, विजय पांडेय, उदय पांडेय, मंललेश पांडेय, कुलदीप पांडेय, विनोद राय, अजीत दाँगी, विनय सिंह, श्याम कृष्णा पांडेय, सहित अन्य



अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

# बिरनी : शहीद भगत सिंह का पूण्य तिथि मनाया गया

**अपेम लाइव : बिरनी**
**सब्बा अहमद**








बिरनी प्रखंड अंतर्गत कई क्षेत्र में शहीद भगत सिंह का पूर्ण तिथि बुधुवार को उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि दिया बता दें कि टी0टी0एन0 एस0 प्रोजेक्ट हाई स्कूल पोखरिया में शहीद भगत सिंह का पूर्ण तिथि मनाया। जिसमें स्कूल के शिक्षक समेत बच्चे भी उपस्थित रहे। जानकारी के मुताबिक बता दे कि भगत सिंह जन्मरू 28 सितम्बर 1907 वीरगतिरू 23 मार्च 1931 भारत के एक महान स्वतंत्रता सेनानी एवं क्रान्ति. कारी थे। चन्द्रशेखर आजाद व पार्टी के अन्य सदस्यों के साथ मिलकर इन्होंने भारत की स्वतंत्रता के लिए अभूतपूर्व साहस के साथ शक्तिशाली ब्रिटिश सरकार का मुक़ाबला किया। पहले लाहौर में बर्नी सैंडर्स की हत्या और उसके बाद दिल्ली की केन्द्रीय संसद (सेण्ट्रल असेम्बली) में बम-विस्फोट करके ब्रिटिश साम्राज्य के विरुद्ध खुले विद्रोह को बुलन्दी प्रदान की। इन्होंने असेम्बली में बम फेंककर भी भागने से मना कर दिया। जिसके फलस्वरूप अंग्रेज सरकार ने इन्हें २३ मार्च १९३१ को इनके दो अन्य साथियों, राजगुरु तथा सुखदेव के साथ फाँसी पर लटका दिया गया।

भगत सिंह का जन्म 24 सितंबर 1906 (अश्विन कृष्णपक्ष सप्तमी) को प्रचलित है परन्तु तत्कालीन अनेक साक्ष्यों के अनुसार उनका जन्म 27 सितंबर 1907 ईको एक सिख परिवार में हुआ था।उनके पिता का नाम सरदार किशन सिंह और माता का नाम विद्यावती कौर था। यह एक किसान परिवार से थे। अमृतसर में १३ अप्रैल १९१९ को हुए जलियाँवाला बाग हत्याकाण्ड ने भगत सिंह की सोच पर गहरा प्रभाव डाला था। लाहौर के नेशनल क०लेज़ की पढ़ाई छोड़कर भगत सिंह ने भारत की आज़ादी के लिए नौजवान भारत सभा की स्थापना की थी।

वर्ष 1922 में चौरी-चौरा हत्याकांड के बाद गाँधी जी ने जब किसानों का साथ नहीं दिया तब भगत सिंह बहुत निराश हुए। उसके बाद उनका अहिंसा से विश्वास कमजोर हो गया और वह इस निष्कर्ष पर पहुँचे कि सशस्त्र क्रांति ही स्वतंत्रता दिलाने का एक मात्र रास्ता है। उसके बाद वह चन्द्रशेखर आजाद के नेतृत्व में गठित हुई गदर दल के हिस्सा बन गए। काकोरी काण्ड में राम प्रसाद शबिस्मिलश सहित ०४ क्रान्तिकारियों को फाँसी व १६ अन्य को कारावास की सजाओं से भगत सिंह इतने अधिक उद्विग्न हुए कि चन्द्रशेखर आजाद के साथ उनकी पार्टी हिन्द.ुस्तान रिपब्लिकन ऐसोसिएशन से जुड़ गए और उसे एक नया नाम दिया हिन्दुस्तान सा.ेशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन। इस संगठन का उद्देश्य सेवा, त्याग और पीड़ा झेल सकने वाले नवयुवक तैयार करना था।

भगत सिंह ने राजगुरु के साथ मिलकर १७ दिसम्बर १९२८ को लाहौर में सहायक पुलिस अधीक्षक रहे अंग्रेज़ अधिकारी ज0 पी0 सांडर्स को मारा था। इस कार्रवाई में क्रान्ति. कारी चन्द्रशेखर आज़ाद ने उनकी पूरी सहायता की थी। क्रान्तिकारी साथी बटुकेश्वर दत्त के साथ मिलकर भगत सिंह ने वर्तमान नई दिल्ली स्थित ब्रिटिश भारत की तत्कालीन सेण्ट्रल एसेम्बली के सभागार संसद भवन में ८ अप्रैल १९२९ को अंग्रेज़ सरकार को जगाने के लिये बम और पर्चे फेंके थे। बम फेंकने के बाद वहीं पर दोनों ने अपनी गिरफ्तारी भी दी।

उस समय भगत सिंह करीब बारह वर्ष के थे जब जलियाँवाला बाग हत्याकाण्ड हुआ था। इसकी सूचना मिलते ही भगत सिंह अपने स्कूल से १२ मील पैदल चलकर जलियाँवाला बाग पहुँच गए। इस उम्र में भगत सिंह अपने चाचाओं की क्रान्तिकारी किताबें पढ़ कर सोचते थे कि इनका रास्ता सही है कि नहीं ? गांधी जी का असहयोग आन्दोलन छिड़ने के बाद वे गान्धी जी के अहिंसात्मक तरीकों और क्रान्तिकारियों के हिंसक आन्दोलन में से अपने लिए रास्ता चुनने लगे। गाँधी जी के असहयोग आन्दोलन को रद्द कर देने के कारण उनमें थोड़ा रोष उत्पन्न हुआ, पर पूरे राष्ट्र की तरह वो भी महात्मा गाँधी का सम्मान करते थे। पर उन्होंने गाँधी जी के अहिंसात्मक आन्दोलन की जगह देश की स्वतन्त्रता के लिए हिंसात्मक क्रांति का मार्ग अपनाना अनुचित नहीं समझा। उन्होंने जुलूसों में भाग लेना प्रारम्भ किया तथा कई क्रान्ति. कारी दलों के सदस्य बने। उनके दल के प्रमुख क्रान्तिकारियों में चन्द्रशेखर आजाद, सुखदेव, राजगुरु इत्यादि थे। काकोरी काण्ड में ४ क्रान्तिकारियों को फाँसी व १६ अन्य को कारावास की सजाओं से भगत सिंह इतने अधिक उद्विग्न हुए कि उन्होंने १९२८ में अपनी पार्टी नौजवान भारत सभा का हिन्द.ुस्तान रिपब्लिकन ऐसोसिएशन में विलय कर दिया और उसे एक नया नाम दिया हिन्दुस्.तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन।

१९२८ में साइमन कमीशन के बहिष्कार के लिए भयानक प्रदर्शन हुए। इन प्रदर्शनों में भाग लेने वालों पर अंग्रेजी शासन ने लाठी चार्ज भी किया। इसी लाठी चार्ज से आहत होकर लाला लाजपत राय की मृत्यु हो गई। अब इनसे रहा न गया। एक गुप्त योजना के तहत इन्होंने पुलिस सुपरिण्टेण्डेण्ट स्काट को मारने की योजना सोची। सोची गई योजना के अनुसार भगत सिंह और राजगुरु लाहौर कोतवाली के सामने व्यस्त मुद्रा में टहलने लगे। उधर जयगोपाल अपनी साइकिल को लेकर ऐसे बैठ गए जैसे कि वो ख़राब हो गई हो। गोपाल के इशारे पर दोनों सचेत हो गए। उधर चन्द्रशेखर आज़ाद पास के डी0 ए0 सवी0 स्कूल की चहारदीवारी के पास छिपकर घटना को अंजाम देने में रक्षक का काम कर रहे थे।

१७ दिसंबर १९२८ को करीब सवा चार बजे, ए0 एस0 पी0 स०ण्डर्स के आते ही राजगुरु ने एक गोली सीधी उसके सर में मारी जिससे वह पहले ही मर जाता। लेकिन तुरन्त बाद भगत सिंह ने भी ३-४ गोली दाग कर उसके मरने का पूरा इन्तज़ाम कर दिया। ये दोनों जैसे ही भाग रहे थे कि एक सिपाही चनन सिंह ने इनका पीछा करना शुरू कर दिया। चन्द्रशेखर आज़ाद ने उसे सावधान किया - ष्आगे बढ़े तो गोली मार दूँगा ।ष नहीं मानने पर आज़ाद ने उसे गोली मार दी और वो वहीं पर मर गया। इस तरह इन लोगों ने लाला लाजपत राय की मौत का बदला ले लिया।

एसेम्बली में बम फेंकना

भगत सिंह यद्यपि रक्तपात के पक्षधर नहीं थे परन्तु वे वामपंथी विचारधारा को मानते थे, तथा कार्ल मार्क्स के सिद्धान्तों से उनका ताल्लुक था और उन्हीं विचारधारा को वे आगे बढ़ा रहे थे। यद्यपि, वे समाजवाद के पक्के पोषक भी थे। कलान्तर में उनके विरोधी द्वारा उनको अपने विचारधारा बता कर युवाओ को भगत सिंह के नाम पर बरगलाने के आरोप लगते रहे है। क०ग्रेस के सत्ता में रहने के बावजूद भगत सिंह को काँग्रेस शहीद का दर्जा नही दिलवा पाए, क्योंकि वे केवल भगत सिंह के नाम का इस्तेमाल युवाओं को अपनी पार्टी से जोड़ने के लिए करते थे। उन्हें पूँजीपतियों की मजदूरों के प्रति शोषण की नीति पसन्द नहीं आती थी। उस समय चूँकि अँग्रेज ही सर्वेसर्वा थे तथा बहुत कम भारतीय उद्योगपति उन्नति कर पाये थे, अतः अँग्रेजों के मजदूरों के प्रति अत्याचार से उनका विरोध स्वाभाविक था। मजदूर विरोधी ऐसी नीतियों को ब्रिटिश संसद में पारित न होने देना उनके दल का निर्णय था। सभी चाहते थे कि अँग्रेजों को पता चलना चाहिए कि हिन्दुस्तानी जाग चुके हैं और उनके हृदय में ऐसी नीतियों के प्रति आक्रोश है। ऐसा करने के लिये ही उन्होंने दिल्ली की केन्द्रीय एसेम्बली में बम फेंकने की योजना बनाई थी।

भगत सिंह चाहते थे कि इसमें कोई खून खराबा न हो और अँग्रेजों तक उनकी श्आवाज़श भी पहुँचे। हालाँकि प्रारम्भ में उनके दल के सब लोग ऐसा नहीं सोचते थे पर अन्त में सर्वसम्मति से भगत सिंह तथा बटुकेश्वर दत्त का नाम चुना गया। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ८ अप्रैल १९२९ को केन्द्रीय असेम्बली में इन दोनों ने एक ऐसे स्थान पर बम फेंका जहाँ कोई मौजूद न था, अन्यथा उसे चोट लग सकती थी। पूरा हाल धुएँ से भर गया। भगत सिंह चाहते तो भाग भी सकते थे पर उन्होंने पहले ही सोच रखा था कि उन्हें दण्ड स्वीकार है चाहें वह फाँसी ही क्यों न हो; अतः उन्होंने भागने से मना कर दिया। उस समय वे दोनों खाकी कमीज़ तथा निकर पहने हुए थे। बम फटने के बाद उन्होंने ष्इंकलाब-जिन्दाबाद, साम्राज्यवाद-मुर्दाबाद!ष का नारा लगाया और अपने साथ लाये हुए पर्चे हवा में उछाल दिए। इसके कुछ ही देर बाद पुलिस आ गई और दोनों को ग़िरफ़्तार कर लिया गया।

## जेल के दिन

जेल में भगत सिंह करीब २ साल रहे। इस दौरान वे लेख लिखकर अपने क्रान्तिकारी विचार व्यक्त करते रहते थे। जेल में रहते हुए भी उनका अध्ययन लगातार जारी रहा। उनके उस दौरान लिखे गये लेख व सगे सम्बन्धियों को लिखे गये पत्र आज भी उनके विचारों के दर्पण हैं। अपने लेखों में उन्होंने कई तरह से पूँजीपतियों को अपना शत्रु बताया है। उन्होंने लिखा कि मजदूरों का शोषण करने वाला चाहें एक भारतीय ही क्यों न हो, वह उनका शत्रु है। उन्होंने जेल में अंग्रेज़ी में एक लेख भी लिखा जिसका शीर्षक था मैं नास्तिक क्यों हूँ?जेल में भगत सिंह व उनके साथियों ने ६४ दिनों तक भूख हडताल की। उनके एक साथी यतीन्द्रनाथ दास ने तो भूख हड़ताल में अपने प्राण ही त्याग दिये थे।

26 अगस्त, 1930 को अदालत ने भगत सिंह को भारतीय दंड संहिता की धारा 129, 302 तथा विस्फोटक पदार्थ अधिनियम की धारा 4 और 6एफ तथा आईपीसी की धारा 120 के अंतर्गत अपराधी सिद्ध किया। 7 अक्तूबर, 1930 को अदालत के द्वारा 68 पृष्ठों का निर्णय दिया, जिसमें भगत सिंह, सुखदेव तथा राजगुरु को फाँसी की सजा सुनाई गई। फाँसी की सजा सुनाए जाने के साथ ही लाहौर में धारा 144 लगा दी गई। इसके बाद भगत सिंह की फाँसी की माफी के लिए प्रिवी परिषद में अपील दायर की गई परन्तु यह अपील 10 जनवरी, 1931 को रद्द कर दी गई। इसके बाद तत्कालीन काँग्रेस अध्यक्ष पं. मदन मोहन मालवीय ने वायसराय के सामने सजा माफी के लिए 14 फरवरी, 1931 को अपील दायर की कि वह अपने विशेषाधिकार का प्रयोग करते हुए मानवता के आधार पर फांसी की सजा माफ कर दें। भगत सिंह की फाँसी की सज़ा माफ़ करवाने हेतु महात्मा गाँधी ने 17 फरवरी 1931 को वायसराय से बात की फिर 18 फरवरी, 1931 को आम जनता की ओर से भी वायसराय के सामने विभिन्न तर्को के साथ सजा माफी के लिए अपील दायर की। यह सब कुछ भगत सिंह की इच्छा के खिलाफ हो रहा था क्यों कि भगत सिंह नहीं चाहते थे कि उनकी सजा माफ की जाए।23 मार्च 1931 को शाम में करीब 7 बजकर 33 मिनट पर भगत सिंह तथा इनके दो साथियों सुखदेव व राजगुरु को फाँसी दे दी गई।फाँसी पर जाने से पहले वे लेनिन की जीवनी पढ़ रहे थे और जब उनसे उनकी आखरी इच्छा पूछी गई तो उन्होंने कहा कि वह लेनिन की जीवनी पढ़ रहे थे और उन्हें वह पूरी करने का समय दिया जाए।कहा जाता है कि जेल के अधिकारियों ने जब उन्हें यह सूचना दी कि उनके फाँसी का वक्त आ गया है तो उन्होंने कहा था- ष्ठहरिए! पहले एक क्रान्तिकारी दूसरे से मिल तो ले।ष फिर एक मिनट बाद किताब छत की ओर उछाल कर बोले - ष्ठीक है अब चलो।ष

**फाँसी पर जाते समय वे तीनों मस्ती से गा रहे थे मेरा रँग दे बसन्ती चोला, मेरा रँग दे
मेरा रँग दे बसन्ती चोला।
माय रँग दे बसन्ती चोला**

फाँसी के बाद कहीं कोई आन्दोलन न भड़क जाये इसके डर से अंग्रेजों ने पहले इनके मृत शरीर के टुकड़े किये फिर इसे बोरियों में भरकर फिरोजपुर की ओर ले गये जहाँ घी के बदले मिट्टी का तेल डालकर ही इनको जलाया जाने लगा। गाँव के लोगों ने आग जलती देखी तो करीब आए। इससे डरकर अंग्रेजों ने इनकी लाश के अधजले टुकड़ों को सतलुज नदी में फेंका और भाग गए। जब गाँव वाले पास आए तब उन्होंने इनके मृत शरीर के टुकड़ो कों एकत्रित कर विधिवत दाह संस्कार किया। और भगत सिंह हमेशा के लिए अमर हो गये। इसके बाद लोग अंग्रेजों के साथ-साथ गाँधी को भी इनकी मौत का जिम्मेवार समझने लगे। इस कारण जब गान्धी काँग्रेस के लाहौर अधिवेशन में हिस्सा लेने जा रहे थे तो लोगों ने काले झण्डों के साथ गाँधी जी का स्वागत किया। एकाध जग़ह पर गाँधी पर हमला भी हुआ, किन्तु सादी वर्दी में उनके साथ चल रही पुलिस ने बचा लिया।

जेल के दिनों में उनके लिखे ख़तों व लेखों से उनके विचारों का अन्दाजा लगता है। उन्होंने भारतीय समाज में लिपि (पंजाबी की गुरुमुखी व शाहमुखी तथा हिन्दी और अरबी एवं उर्दू के सन्दर्भ में विशेष रुप से), जाति और धर्म के कारण आयी दूरियों पर दुःख व्यक्त किया था। उन्होंने समाज के कमजोर वर्ग पर किसी भारतीय के प्रहार को भी उसी सख्ती से सोचा जितना कि किसी अंग्रेज के द्वारा किये गये अत्याचार को।

भगत सिंह को हिन्दी, उर्दू, पंजाबी तथा अंग्रेजी के अलावा बांग्ला भी आती थी जो उन्होंने बटुकेश्वर दत्त से सीखी थी। उनका विश्वास था कि उनकी शहादत से भारतीय जनता और उद्विग्न हो जायेगी और ऐसा उनके जिन्दा रहने से शायद ही हो पाये। इसी कारण उन्होंने मौत की सजा सुनाने के बाद भी माफ़ीनामा लिखने से साफ मना कर दिया था। पं॰ राम प्रसाद शबिस्मिलश ने अपनी आत्मकथा में जो-जो दिशा-निर्देश दिये थे, भगत सिंह ने उनका अक्षरशरू पालन किया। उन्होंने अंग्रेज सरकार को एक पत्र भी लिखा, जिसमें कहा गया था कि उन्हें अंग्रेज़ी सरकार के ख़िलाफ़ भारतीयों के युद्ध का प्रतीक एक युद्धबन्दी समझा जाये तथा फाँसी देने के बजाय गोली से उड़ा दिया जाये। फाँसी के पहले ३ मार्च को अपने भाई कुलतार को भेजे एक पत्र में भगत सिंह ने लिखा था।आज के युवा भगत सिंह कैसे बन सकते हैं? न्यूज़ग्राम उन्हें यह फ़िक्र है हरदम, नयी तर्ज़-ए-ज़फ़ा क्या है? हमें यह शौक है देखें, सितम की इन्तहा क्या है?दहर से क्यों ख़फ़ा रहें, चर्ख का क्या ग़िला करें। सारा जहाँ अदू सही, आओ! मुक़ाबला करें॰ इन जोशीली पंक्तियों से उनके शौर्य का अनुमान लगाया जा सकता है। चन्द्रशेखर आजाद से पहली मुलाकात के समय जलती हुई मोमबती पर हाथ रखकर उन्होंने कसम खायी थी कि उनकी जिन्दगी देश पर ही कुर्बान होगी और उन्होंने अपनी वह कसम पूरी कर दिखायी।

"किसी ने सच ही कहा है, सुधार बूढ़े आदमी नहीं कर सकते । वे तो बहुत ही बुद्धिमान और समझदार होते हैं। सुधार तो होते हैं युवकों के परिश्रम, साहस, बलिदान और निष्ठा से, जिनको भयभीत होना आता ही नहीं और जो विचार कम और अनुभव अधिक करते हैं ।" भगत सिंह

क्या आप कल्पना कर सकते हैं, एक हुक.ूमत, जिसका दुनिया के इतने बड़े हिस्से पर शासन था, इसके बार में कहा जाता था कि उनके शासन में सूर्य कभी अस्त नहीं होता। इतनी ताकतवर हुकूमत, एक 23 साल के युवक से भयभीत हो गई थी। उनकी मृत्यु की ख़बर को लाहौर के दैनिक ट्रिब्यून तथा न्यूय०र्क के एक पत्र डेली वर्कर ने छापा। इसके बाद भी कई मार्क्सवादी पत्रों में उन पर लेख छपे, पर चूँकि भारत में उन दिनों मार्क्सवादी पत्रों के आने पर प्रतिबन्ध लगा था इसलिए भारतीय बुद्धिजीवियों को इसकी ख़बर नहीं थी। देशभर में उनकी शहादत को याद किया गया।

दक्षिण भारत में पेरियार ने उनके लेख ष्मैं नास्तिक क्यों हूँ?ष पर अपने साप्ताहिक पत्र कुडई आरसू के २२-२९ मार्च १९३१ के अंक में तमिल में सम्पादकीय लिखा। इसमें भगत. सिंह की प्रशंसा की गई थी तथा उनकी शहादत को ब्रिटिश साम्राज्यवाद के ऊपर जीत के रूप में देखा गया था। आज भी भारत और पाकिस्तान की जनता भगत सिंह को आज़ादी के दीवाने के रूप में देखती है जिसने अपनी जवानी सहित सारी जिन्दगी देश के लिये समर्पित कर दी।

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार   सहयोगीः सोनू पंडित   एडिटरः सोनू पंडित   मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

## घर मे लगी आग हजारो का नुकसान

**अपेम लाइव : बिरनी**
**सब्बा अहमद**



बिरनी प्रखंड अंतर्गत पेशन पंचायत के अंतर्गत सुईयाडिह गांव के निवासी मीतू महतो के घर में मंगलवार को शाम छः बजे अचानक आग लग गई। जिसमें घर मे रखा बिचली जल के राख हो गया। आग इतना तेज हो गया। घर मे सारा साम्रगी रखा क्षति हो गया। वही गांव के सहयोग से आग पर काबू पाया। वही समाजसेवी विक्रम आनंद राय ने अंचलाधिकारी को इस घटना को सूचना दिया।

## स्कूल के बच्चे प्राप्त किया एडमिट कार्ड

**अपेम लाइव : बिरनी**
**सब्बा अहमद**



बिरनी प्रखंड अंतर्गत पोखरिया हाई स्कूल में 10वी की छात्र छात्रा ने बुधुवार को स्कूल द्वारा बच्चों को एडमिट कार्ड दिया गया। जानकारी के मुताबिक बता दे कि 10वी और 12वी का परीक्षा गुरुवार से होगा। वही बुधुवार को स्कूल में आखिरी दिन में एडमिट कार्ड शिक्षक के द्वारा दिया गया। जिसमें स्कूल के शिक्षकों ने बच्चों को जानकारी देते हुवे कहाँ की परीक्षा केंद्र में शांति पूर्व तरीके से परीक्षा दिया जाए। बच्चों साथ मे परीक्षा में सफल होने की हौसला बुलन्द किया वही स्कूली बच्चों ने सभी शिक्षकों को धन्यवाद देते हुवे स्कूल को अलविदा कहाँ। जिसमें शिक्षक समेत 10वी छात्रों उपस्थित थे।

## गावां में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया शहीद ए आज़म भगत सिंह का शहादत दिवस

**अपेम लाइव : गांवा**
**मोजाहिद अली**



गावां प्रखण्ड स्थित भगत सिंह चौक पर बुधवार को राष्ट्रवादी युवा मंच ने शहीद- ए- आज़म भगत सिंह, राजगुरु एवं शुखदेव का शहादत दिवस हर्षोलास के साथ मनाया। इस दौरान लोगों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किये। वक्ताओं ने बताया कि भगत सिंह एक निडर और सबसे कम उम्र के स्वतंत्रता सेनानी थे जिसने शहीद होना स्वीकार किया लेकिन अंग्रजों की गुलामी करना स्वीकार नही किया। उन्होंने खुलेआम अंग्रजो के नीतियों का विरोध किया और उन जालिमों से लड़ने का काम किया जिसके कारण 23 मार्च 1931 को राजगुरु और सुखदेव के साथ उन्हें भी शहीद कर दिया गया। देश की आज़ादी के लिए उनके समर्पण और त्याग को कभी नही भुलाया जा सकता है। राष्ट्रवादी युवा मंच के कार्यकर्ताओं ने कहा कि आज से 75 साल पहले हमलोगों को स्वतंत्रता सेनानियों की शहादत और बलिदान से गोरे अंग्रेजों से आज़ादी तो मिल गयी लेकिन अब हमलोगों को देश के भ्रष्टाचारों और तानाशाहों से आज़ाद होने की जरूरत है। अब हम युवाओं को भगत सिंह के कार्यों से प्रेरणा लेकर और एकजुट होकर देश के गद्दारों और भृष्टाचारों से लड़कर देश को आज़ाद करने की जरूरत है। मौके पर रंजीत राम, अरुण चौधरी, शमशीर आलम, पवन चौधरी, नागेश्वर यादव, अभिनंदन विश्वकर्मा आदि दर्जनों कार्यकर्ता सामिल थे।




## शहीद दिवस पर गुरूग्राम पब्लिक स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन

### शहीदे आजम भगत सिंह, सुखदेव व राजगुरू को दी गई श्राद्धंजलि

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**



शहीद भगत सिंह के चित्र पर श्रद्धासुमन करते थाना प्रभारी समेत अन्य

शहीद दिवस पर स्वतंत्रता आंदोलन में अहम भूमिका निभाने वाले शहीदे आजम भगत सिंह, सुखदेव व राजगुरू को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर खरना रोड़ स्थित गुरूग्राम पब्लिक स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि थाना प्रभारी जगलाल मुंडा, निदेशक प्रभात कुमार समेत विद्यालयकर्मियों एवं छात्र-छात्राओं ने वीर शहीदों के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया। उन्होंने कहा कि भगत सिंह ने जिस साहस से ब्रिटिश सरकार का मुक. ाबला किया, वह नौजवानों के लिए बहुत बड़ा आदर्श है। स्वतंत्र भारत की लड़ाई में इंकलाब जिन्दाबाद का नारा उन्होंने हीं दिया था। देश के लिए अपना जीवन न्योछावर करने वाले महापुरूषों का देश सदा ऋणी रहेगा। मात्र 23 वर्ष की उम्र में उन्हें फांसी दे दी गई थी। प्राचार्य सुभाष कुमार महतो ने भी उनके आदर्शो को आत्मसात करने पर बल दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के हाथों वार्षिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। वहीं, शत-प्रतिशत उपस्थिति के लिए सातवीं कक्षा की काजल कुमारी को सम्मा. नित किया गया। मौके पर राजेश रंजन, रीतलाल कुमार महतो, नवीन प्रणव, रंजीत मिश्रा, रंजीत रंजन, सुभाष कुमार, सनोज कुमार, ममता कुमारी, स्नेहा रानी, अंशु कुमारी, रंजू कुमारी, बासुदेव महतो, राजकुमार के अलावा अभिभावकों में गुरू प्रसाद साव, राकेश कुमार, बिनोद साव, नमिता देवी, रामचंद्र महतो, मुकेश कुमार, अजय कुमार, लक्ष्मण यादव समेत कई लोग मौजूद थे।

## अवैध बिजली जलाने के आरोप 12 लोग पकड़े गए, थाने में मामला दर्ज

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**



छापामारी करते कनीय अभियंता सत्यदेव कुमार

बड़कागांव में बिजली चोरी को लेकर बड़कागांव बिजली विभाग के कनीय अभियंता सत्यदेव कुमार के नेतृत्व में बिजली विभाग ने बड़कागांव, शिवाडीह के अलावा अन्य गांव में छापामारी की , जिसमें 12 लोग पकड़े गए हैं।कनिय अभियंता सत्यदेव कुमार ने करवाई करते हुए सभी आरोपियों पर बड़कागांव थाना में मामला दर्ज कराया है । कनीय अभियंता सत्य देव कुमार ने कहा कि 12 लोगों को विद्युत चोरी करते पकड़ा गया। लक्ष्मण प्रसाद, अशोक महतो, नंदकिशोर महतो, रंजित कुमार , चेतलाल महतो, सुनील कुमार , देवनारायण राम, जीतू राम, जयनाथ राम, सुरेंद्र राम, निर्मल राम, आशिक राम को अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा उपयोग करते हुए पकड़ा गया। सत्यदेव कुमार ने लोगों से कहा कि जिनका भी बिजली बिल बकाया है जल्द से जल्द जमा कर दें अवैध रूप से बिजली नहीं जलाएं अन्यथा कार्रवाई होगी।छापेमारी दल में मुख्य रूप से सहायक विद्युत अभियंता राजेश नि. रंजन टोप्पो, कनिय विद्युत अभियंता कुन्नु राम मुर्मू,, मानव दिवस कर्मी अरविंद कुमार ,टिकेश्वर कुमार, रो. हित कु सोनी, राजु कुमार, अजय कुमार ,अक्षय कुमार, पप्पू कुमार इत्यादि लोग शामिल थें।

## प्रखंड निर्माण संघर्ष समिति नवडीहा ने दिया एक दिवसीय धरना

**अपेम लाइव : गीरिडीह**
**बजरंगी महतो**




गिरिडीह ज़िला मुख्यालय स्थित अंबेडकर चौक पर जमुआ प्रखंड के पूर्वी भाग को अलग प्रखंड का प्रस्ता. वित नवडीहा प्रखंड को प्रखंड का दर्जा देने को लेकर दस सूत्री मांगों को लेकर धरना दिया। धरना के बाद मुख्यमंत्री झारखंड के नाम दस सूत्री मांगों को लेकर ज्ञापन गिरिडीह उपायुक्त नमन प्रियेस लकड़ा को सौंपा आज के धरना में मुख्य रूप से जमुआ पूर्वी क्षेत्र के जिला परिषद सदस्य किरण वर्मा, ग्राम प्रधान चिलगा पंचायत हनीफ अंसारी, ग्राम प्रधान गोरो पंचायत सीताराम वर्मा, पार्वती देवी पंचायत समिति सदस्य, गजाधर सिंह पंचायत समिति सदस्य, हेमंती देवी पंचायत समिति सदस्य, उर्मिला देवी पंचायत समिति सदस्य, रा. जेश प्रसाद सिन्हा महामंत्री संघर्ष समिति, ओमप्रकाश महतो सचिव संघर्ष समिति, विनय कुमार वर्मा, सुधीर वर्मा, राजा बाबू वर्मा, मुस्लिम अंसारी, संतोष कुमार वर्मा, सूरज कुमार शर्मा, शुभम कुमार, विवेक कुमार राम सहित सैंकड़ों लोग मौजूद थे

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## ज्ञानोदय विकास विद्यालय में पांचवी स्थापना दिवस के दौरान क्वीज प्रतियोगिता आयोजित

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**



दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते पूर्व विधायक एवं अन्य अतिथि गण

बड़कागांव भगवान बागी रोड स्थित संचालित ज्ञानोदय विकास स्कूल का पांचवा स्थापना दिवस मनाया गया जिसकी अध्यक्षता विकास सेवा समिति के अध्यक्ष दशरथ कुमार एवं संचालन अरुण कुमार भारती ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ शहीद दिवस के मौके पर शहीद भगत सिंह, राजगुरु एवं सुखदेव की तस्वीर पर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक लोकनाथ महतो एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों के द्वारा पुष्पांजलि अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों को बुके एवं श०ल देकर स्वागत किया गया। मौके पर क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें प्रथम पुरस्कार विजेता सुनीता कुमारी को 3100 द्वितीय पलक प्रिया को 2100 एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले पुष्पांजलि भवानी को नगद 1100 मेडल ट्र०फी देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में अन्य शामिल प्रतिभागियों को मेडल देकर सम्मानित किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक लोकनाथ महतो ने कहा कि शिक्षा ही सबसे बड़ी दौलत है अभिभावक अपने बच्चों की शिक्षा पर गंभीरता से ध्यान दें। प्रशासनिक पदाधिकारी हरीनाथ एवं महादेव ने कहा कि अभिभावकों को समय और समझ को अच्छी तरह से समझने की जरूरत है बच्चों की पढ़ाई के साथ एक घंटा जरूर बैठे । अध्यक्षता कर रहे दशरथ कुमार ने कहा कि शिक्षकों के प्रयास से ज्ञानोदय विकास स्कूल प्रखंड में विशेष मुकाम हासिल किया है। हमें उम्मीद है कि शिक्षक आगे और बेहतर करेंगे। मौके पर उपस्थित लोगों में मुख्य रूप से बड़कागांव थाना प्रभारी गौतम कुमार, अजीत कुमार, प्रशासनिक पदाधिकारी महादेव कुमार महतो ,हरी नाथ महतो, विकास सेवा समिति के सचिव बुद्धि नाथ महतो, स्कूल के सचिव सिकंदर कुमार सोनी ,अध्यक्ष प्रवीण कुमार प्राचार्य पंकज कुमार, क्विज प्रतियोगिता के उद्घोषक आफताब आलम, बिंदेश्वरी प्रसाद, शशि कुमार मेहता ,गणेश महतो, राजू राणा, रंजीत कुमार ,अशोक कुमार, रविंद्र कुमार ,लालमणि महतो, गणेश प्रसाद, उमेश कुमार सिन्हा ,ड०क्टर शंभू लाल प्रसाद ,अरुण कुमार, अनिता कुशवाहा, कंचन लकड़ा, रिचा वर्मा, अना. मिका कुमारी के अलावा कई विशिष्ट शिक्षाविद लोग उपस्थित थे।

## एबीवीपी ने मनाया शहीद दिवस

### शहादत दिवस पर अभाविप ने किया सपूतों को नमन

**अपेम लाइव : हजारीबाग**
**अमरजीत सिंह**




अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद हजारीबाग द्वारा बुधवार को भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव के शहादत को शहीद दिवस के रुप में मनाया गया। परिषद के कार्यकर्ताओं ने सर्वप्रथम तीनों शहीदों के चित्र पर माल्यार्पण किया और नमन किया, तथा परिषद गान से कार्यक्रम की शुरुआत की गई। जिला सह संयोजक सोनू राय ने कहा कि देश की आजादी में सर्वस्व न्योछावर कर देनेवाले युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है, अपने त्याग व शौर्य से जन-जन में स्वाधीनता की अलख जगाने वाले माँ भारती के अमर सपूत, महान क्रांतिकारी भगत सिंह, सुखदेव एवं राजगुरु को उनके बलिदान दिवस पर कोटि-कोटि नमन। पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष रितेश यादव ने कहा सभी का सर्वोच्च बलिदान सभी को राष्ट्र सेवा हेतु सदैव प्रेरित करता रहेगा। मौके पर जिला संयोजक दीपक देव. राज, जिला सह संयोजक सोनू राय, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सह पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष रितेश यादव, नगर मंत्री मंदीप यादव, नगर सह मंत्री प्रभात कुमार, प्रदेश जनजातीय कार्य सह प्रमुख मिलन मुंडा, बाबूलाल मेहता, अभिषेक कुमार, प्रेम कुमार, विशाल गुप्ता, शुभम आर्या,यशवंत कुमार, शेखर कुमार, राजदीप, सत्यम कुमार, शिवम सिंह, रविन्द्र कुमार, विनय शील, पवन कुमार, अनुज कुमार, चिन्मय कुमार, कुंदन मेहता, सुंदर कुमार, रितिक पांडेय, अरुण कुमार,

## भगत सिंह शहादत दिवस पर इंकलाबी नौजवान सभा ने निकाला युवा अधिकार मार्च

**अपेम लाइव : गिरिडीह/ टाउन**
**आदित्य पांडेय**




आज गिरीडीह में शहीद-ए-आजम भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु के शहादत दिवस के अवसर पर भाकपा माले के छात्र-युवा संगठन आईसा और इन्कलाबी नौजवान सभा ने ष्हेमंत सरकार वादा निभाओ, खतियान आधारित स्थनीय नीति बनाओ, पांच लाख रोजगार कहाँ है ये बतलाओष नारे के साथ गिरीडीह शहर में छात्र-युवा अधिकार मार्च निकाला। मार्च गिरीडीह झंडा मैदान से निकलकर बाजार भ्रमण करते हुए एसपी कोठी के पास स्थित भगत सिंह की प्रतिमा तक पहुंची और माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पार्टी जिला सचिव पूरन महतो, आरवाईए जिलाध्यक्ष सोनु पांडेय, पार्टी राज्य कमिटी सदस्य परमेश्वर महतो, सीताराम सिंह, राजेश यादव, भोला मंडल, कौशल्या दास, किशोरी अग्रवाल, राजेश सिन्हा, रामेश्वर चौधरी मौजूद थे। मार्च का नेतृत्व आरवाईए जिला सचिव अशोक मिस्त्री, उपाध्यक्ष प्रीति भास्कर, असगर अली, कुलदीप राय, जिला सह सचिव पूरन कु महतो, धर्मेंद्र यादव कर रहे थे। संबोधित करते हुए जिला सचिव पूरन महतो ने कहा कि जिस तरीके से पूरे देश के अंदर मोदी और उसकी भाजपा सरकार सरकारी संस्थानों का दुरुपयोग करते हुए पूरे जनमानस के बीच साम्प्रदायिकता का जहर फैला रही है, ये देश के संविधान को तोड़ने की साजिश है। पूरे देश मे बेरोजगारी, भुखमरी चरम पर है और देश की मोदी सरकार वर्षों से अर्जित किये हुए सरकारी संस्थानों को क०रपोरेट के हाथों नीलाम कर रही है।जाती, धर्म, मंदिर, मस्जिद के नाम पर देश के नौजवानों को दिग्भ्रमित करने की साजिश में लगी है। देश के नौजवान रोजगार मांग रहे हैं, वे सडकों पर आंदो. लित हैं, लेकिन सरकार चिर निद्रा में सोई है। वहीं, आरवाईए जिलाध्यक्ष सोनु पांडेय ने कहा कि, पांच लाख सालाना रोजगार देने और झारखंड के स्थानीयता नीति को खतियान के आधार पर परिभाषित करने का वादा करके सत्तासिन हुई झारखंड की हेमंत सरकार का भी रवैया कमोबेश केंद्र के नक्शे कदम पर ही चल रही है। न तो नौजवानों को रोजगार के अवसर मिले हैं, ना ही स्थानीयता नीति मिली है। बल्कि इसके उलट सरकार ने ना. ैजवानों को भाषा अतिक्रमण के सवाल पर उलझा कर रख दिया है। शहीद भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव के शहादत दिवस के मौके पर गिरीडीह में छात्र-युवा अधिकार मार्च निकालकर सरकार से ये मांग की गई है कि, ना. ैजवानों को सम्मानजनक रोजगार, अच्छी शिक्षा मिले। खतियान आधारित स्थानीयता नीति बने अन्यथा अब आरवाईए झारखंड के विभिन्न जिलों में आंदोलन का बिगुल फूंकेगी और राज्य में ना. ैजवानों के हक अधिकार की लड़ाई को और मजबूत करेगी। अंत मे मार्च के माध्यम से ये मांग की गया कि, रूस और यूक्रेन के बीच हो रहे युद्ध को तत्काल रोका जाए और मानव संहार पर लगाम लगाया जाए।

## नम आंखों से भारत के वीर सपूत भगत सिंह,राजगुरु एवं सुखदेव के पुण्यतिथि पर नमन किया गया

### देश की युवा पीढ़ी हमेशा इन तीनों को अपने आदर्श के रूप में देखेगी : अमर जैन विनायका

**अपेम लाइव : हजारीबाग**
**अमरजीत सिंह**




हजारीबाग के बड़ा बाजार चौक स्थित बड़ा बाजार यूथ विंग के द्वारा बुधवार को शहीद दिवस के रूप में भारत माता के वीर सपूत भगत सिंह, राजगुरु एवं सुखदेव के पुण्यतिथि पर वीर सपूतों की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर शहीद दिवस मनाया। भारत माता की जय,जय हिंद जैसे अनेकों नारे लगाकर लोगों ने भारत माता के वीर सपूत को नमन किया। सर्वप्रथम सबसे पहले बड़ा बाजार यूथ विंग के संरक्षक भैया अभिमन्यु प्रसाद, बड़ा बाजार यूथ विंग के अभिभावक स्वरूप प्रदीप जैन, सुरेंद्र खण्डेलवाल एवं रामचंद्र केसरी के द्वारा पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम विधिवत रूप से प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में :- विशाल खंडेलवाल, अमर जैन विनायका, रितेश खंडेलवाल, संजय डिश,अतिशय जैन का सहयोग रहा। मौके पर बड़ा बाजार यूथ विंग के संरक्षक भैया अभिमन्यु प्रसाद ने कहा कि शहीद भगत सिंह सच्चे और उनके साथी सच्चे राष्ट्रभक्त थे। साथ ही कहां की युवाओं को उनके दिखलाए गए मार्ग पर चलकर राष्ट्रीय निर्माण में अपना योगदान देना चाहिए। मौके पर अध्यक्ष विशाल खंड. ेलवाल ने कहा कि देश की हर पीढ़ी के लिए प्रेरणा स्रोत बना रहेगा इन सपूतों का बलिदान। साथ ही कहा की आज ही के दिन अंग्रेजी हुकूमत ने साल 1931 में भगत सिंह राजगुरु सुखदेव को फांसी के फंदे पर चढ़ा दिया था ऐसे वीर शहीदों को भारत नमन करता है। मौके पर सचिव सह कोषाध्यक्ष अमर जैन विनायका ने कहा कि देश की युवा पीढ़ी हमेशा इन तीनों को अपने आदर्श के रूप में देखेगी साथ ही कहा कि देश के इन महान बेटों के बलिदान को देश को कभी नहीं भूलने वाला है। मौके पर रु- भैया अभिमन्यु प्रसाद, प्रदीप जैन, सुरेंद्र खंडेलवाल, रामचंद्र केसरी, पप्पू जो. हरी,प्रविंद्र सिंह उर्फ बंटी, रामेश्वर साव, विशाल खंड. ेलवाल, अमर जैन विनायका, रितेश खंड. ेलवाल, नीतिश चंद्र, संजय कुमार डिश, अशोक जैन, अतिशय जैन, अजय यादव सहित कई लोग मौजूद थे

APEM
LIVE

